# BSTC 2023

# MODEL PAPER-4

राजस्थान GK


2500+ प्रश्न

वन लाइनर & वस्तुनिष्ठ

राजस्थान GK
LIVE CLASS PDF
DAILY UPDATE


BSTC 2023
FULL COURSE
MODEL PAPER - TEST SERIES
इस बार 450+ पार


राजस्थान सामान्य ज्ञान
हस्तलिखित नोट्स
निशुल्क डाउनलोड


राजस्थान सामान्य ज्ञान
All Test Quiz
For AlL Exam's

## भाग - अ : मानसिक योग्यता

1. विषम शब्द युग्म का चयन कीजिए—
(अ) लुहार : निहाई (ब) बढ़ई : आरी
(स) नाई : कैंची (द) सुनार : आभूषण **(द)**

2. यदि TYPEWRITER को GBKVDIRGVI लिखा जाता है तो शब्द STENO को उस कूट लिपि में किस प्रकार लिखा जायेगा ?
(अ) LMVGH (ब) HGVML
(स) LMHGV (द) HVLGM **(ब)**

3. विषम जोड़े का पता लगाएँ—
(अ) कप्तान - टीम
(ब) बॉस - गैंग
(स) प्रधानमंत्री - केबिनेट
(द) आर्टिस्ट - ट्रूप (Troupe) **(द)**

4. निम्नलिखित में से कौन अन्य तीन से भिन्न है ?
(अ) पेट्रोल-कार (ब) स्याही-कलम
(स) कूड़ा-कूड़ादानी (द) सुरमा-पेन्सिल **(द)**

5. RAN : QOC :: LTE : ?
(अ) KDF (ब) KDU
(स) MSF (द) KFV **(द)**

6. यदि HAPPY = 66, SORROW = 108 तो LAUGH = ?
(अ) 72 (ब) 49
(स) 87 (द) 24 **(ब)**

7. यदि दिन का सम्बन्ध रात्रि से है तो सफेद का सम्बन्ध किससे होगा ?
(अ) काला (ब) रंग
(स) किरण (द) लाल **(अ)**

8. किसी सांकेतिक भाषा में HANDSOME को IZOCTNND लिखा जाता है, तो उसी भाषा में KANCHAN को किस प्रकार लिखा जायेगा ?
(अ) LZOBIBO (ब) LZOBIZO
(स) LZOBIZM (द) JZOBIZO **(ब)**

9. वह पद ज्ञात कीजिए जो अन्य तीनों से भिन्न है—
(अ) QPNK (ब) AZXU
(स) UTRN (द) SRPM **(स)**

10. "BUCKET" शब्द में ऐसे कितने अक्षर के जोड़े हैं, जिसके बीच वर्णमाला में उतने ही अक्षर हो ?
(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) चार **(अ)**

11. $1 + 1 \times 1 \div 1 - 1 + 1 \times 1 = ?$
(अ) 1 (ब) 2
(स) 0 (द) 3 **(ब)**

12. नीचे एक अनुक्रम दिया गया है जिसमें एक पद लुप्त है। चार दिए गए विकल्पों में से वह विकल्प चुनिए, जो अनुक्रम पूरा करे—
4, 6, 8, 12, 12, 18, 16, ?
(अ) 24 (ब) 25
(स) 21 (द) 22 **(अ)**

13. अंक 6, 1, 4, 2 एवं 5 से बनने वाली सबसे छोटी एवं सबसे बड़ी पाँच अंकों की संख्याओं का योग कितना होगा ?
(अ) 52965 (ब) 52966
(स) 77685 (द) 77877 **(द)**

14. श्रेणी में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए।
3, 15, 35, 63, ?
(अ) 77 (ब) 84
(स) 99 (द) 98 **(स)**

15. 1 से 50 तक की संख्याओं का योग कितना होता है ?
(अ) 1051 (ब) 5101
(स) 1275 (द) 7512 **(स)**

16. जो सम्बन्ध 'रोटी' का गेहूँ से है, वही सम्बन्ध 'ईंट' का है ?
(अ) मिट्टी से (ब) पत्थर से
(स) भवन से (द) आग से **(अ)**

17. दिए गए विकल्पों में से उसे चुनिए जो अन्य तीन विकल्पों से भिन्न है—
(अ) नेहरू (ब) राजाजी
(स) सरदार पटेल (द) आचार्य कृपलानी **(अ)**

18. गणना कीजिए—
$2 \times 2 + 6 \times 6 + 8 \times 8 + 12 \times 12 = ?$
(अ) 240 (ब) 244
(स) 236 (द) 248 **(द)**

19. तस्वीर में एक आदमी की ओर इशारा करते हुए एक महिला ने कहा कि "उसके भाई के पिता मेरे दादा के इंकलौते पुत्र हैं।" महिला का तस्वीर वाले आदमी से क्या सम्बन्ध है ?
(अ) माँ (ब) चाची
(स) बहिन (द) बुआ **(स)**

20. निम्न में से कौन विसंगत है—
(अ) टोकियो (ब) बेल्जियम
(स) मैक्सिको (द) चीन **(अ)**

21. सर्वथा भिन्न को चुनिए—
(अ) अंगूठी (ब) चूड़ी
(स) टायर (द) प्लेट **(द)**

22. यदि आने वाले कल के दो दिन बाद शनिवार है तो बीते हुए कल के दो दिन पहले सप्ताह का कौनसा दिन था ?
(अ) रविवार (ब) शनिवार
(स) गुरुवार (द) इनमें से कोई नहीं **(अ)**

23. निम्न श्रेणी को दिए गए उचित विकल्पों से पूरा कीजिए—
8, 28, 116, 584, ?
(अ) 3508 (ब) 3504
(स) 3502 (द) 1752 **(अ)**

24. REMOVE, REGION, REGARD, RENDER, RECALL में से कौनसा शब्द शब्दकोश में अंत में आयेगा ?
(अ) REMOVE (ब) REGION
(स) RENDER (द) RECALL **(स)**

25. नीचे दिये गये प्रश्न में प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर आने वाला शब्द बताइये—
ASY, BRX, CQW, ?
(अ) DVP (ब) DPV
(स) PDV (द) PQD **(ब)**

26. ? के स्थान पर कौनसी संख्या आयेगी—


| | | |
|---|---|---|
| | 3 | |
| 7 | 75 | 9 |
| | 4 | |

| | | |
|---|---|---|
| | 8 | |
| 3 | 90 | ? |
| | 9 | |



(अ) 8 (ब) 9
(स) 6 (द) 10 **(स)**


27. यदि 'दक्षिण-पूर्व' बदल कर 'उत्तर' हो जाए, 'उत्तर-पूर्व' बदल कर 'पश्चिम' हो जाए, और ऐसे ही दिशाएँ बदलती जाएँ, तो 'पश्चिम' बदल कर क्या हो जाएगा ?
(अ) उत्तर-पूर्व (ब) उत्तर-पश्चिम
(स) दक्षिण-पूर्व
(द) दक्षिण-पश्चिम **(स)**

28. यदि + का अर्थ × हो एवं - का अर्थ ÷ हो तो 1 + 1 – 1 + 1 – 1 – 1 का वास्तविक मूल्य क्या होगा ?
(अ) 1 (ब) 0
(स) 4 (द) 3 **(अ)**

29. 

? के स्थान पर सबसे उपर्युक्त कौनसी आकृति होगी ?

(अ)  (ब) 

(स)  (द)  **(स)**

30. K, N और X भाई है। Y, N की माता है और Z, K का पिता है। निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है ?
(अ) K, Z का पुत्र है। (ब) Y, Z की पत्नी है।
(स) N सदैव X का भाई है। (द) Z, X का पिता है। **(स)**

31. रमेश और सुरेश भाई-भाई हैं। राखी और गीता आपस में बहनें हैं। रमेश का लड़का गीता का भाई है। बताइये सुरेश का राखी से क्या सम्बन्ध हुआ ?
(अ) दादा (ब) चाचा
(स) भाई (द) नाना **(ब)**

32. तीन दिये शब्दों को निरूपित करने वाला सही चित्र है—
डॉक्टर्स, नर्स, मनुष्य जाति

(अ)  (ब) 

(स)  (द)  **(अ)**

33. यदि दिए गए कथन (1) तथा (2) सत्य हैं, तो निष्कर्ष (I) तथा (II) में से कौन निर्गत होगा ?
**कथन** (1) कुछ मंत्री अध्यापक हैं।
(2) सभी अध्यापक विद्वान हैं।
**निष्कर्ष** (I) कुछ मंत्री विद्वान हैं।
(II) सभी विद्वान अध्यापक हैं।
(अ) केवल निष्कर्ष (I) निर्गत होता है
(ब) केवल निष्कर्ष (II) निर्गत होता है
(स) दोनों निष्कर्ष (I) तथा (II) निर्गत होते हैं
(द) न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) निर्गत होता है **(अ)**

34. कथन- सभी गार्डन, पार्क है। सभी पार्क, लॉन हैं। कुछ लॉन, ऑर्चार्ड है।

निष्कर्ष—

**I. कम से कम, कुछ ऑर्चार्ड, गार्डन हैं।**

**II. सभी लॉन, पार्क हैं।**

(अ) सिर्फ निष्कर्ष I सत्य है।

(ब) या तो निष्कर्ष I या II सत्य है।

(स) सिर्फ निष्कर्ष II सत्य है।

(द) न ही निष्कर्ष I न ही II सत्य है। **(द)**

**निर्देश**—निम्नलिखित दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं जिनके नीचे दो निष्कर्ष (i) तथा (ii) दिए गए है। दिए गए दोनों कथन सर्वज्ञात तथ्यों से मेल न रखने वाले हो फिर भी आप उन दोनों कथनों को सत्य समझेंगे।

**दिए गए निष्कर्षो में से कौनसा निष्कर्ष दिए गए कथनों के आधार पर तर्कसंगत रूप से निकलता है, इसका निर्णय कीजिए—**

उत्तर (1) दीजिए, यदि केवल निष्कर्ष (i) निकलता है।

उत्तर (2) दीजिए, यदि केवल निष्कर्ष (ii) निकलता है।

उत्तर (3) दीजिए, यदि या तो निष्कर्ष (i) या निष्कर्ष (ii) निकलता है।

उत्तर (4) दीजिए, यदि न तो निष्कर्ष (i) और न ही निष्कर्ष (ii) निकलता है।

उत्तर (5) दीजिए, यदि निष्कर्ष (i) एवं (ii) दोनों निकलते हैं।

35. **इस शृंखला का अगला पद बताएँ—**

**AZB, CYD, EXF, GWH, ........**

(अ) IJV (ब) JVK

(स) JVI (द) IVJ **(द)**

36. **दी गई अक्षर शृंखला के खाली स्थानों पर क्रम से रखने पर निम्नलिखित में से कौनसा अक्षर समूह उसे पूरा करेगा ?**

***l* – n – m *l l* m – n – *l***

(अ) m n m n (ब) m n n m

(स) m n m n (द) n m m n **(ब)**

37. **यदि एक विशिष्ट कूट भाषा में, 'RESPONSES' को 'ESRONPESS' लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में 'SIGNATURE' को किस प्रकार लिखा जाएगा ?**

(अ) GISTANERU (ब) IGSATNREU

(स) ISNGTARUE (द) ERUTANGIS **(ब)**

38. **दिए गए विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके बनाया जा सकता है।**

**DEMOCRACY**

(अ) MICRO (ब) MARCY

(स) DEMON (द) SECRECY **(ब)**

39. **A, B की पत्नी के पति का भाई है। C और D, B की बहनें हैं। A का C से क्या सम्बन्ध है ?**

(अ) भाभी (ब) पत्नी

(स) बहिन (द) भाई **(द)**

40. **नीचे दिए गए डेटा तालिका के आधार पर निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें—**

| | वजन (किग्रा.) | ऊँचाई (मी.) |
|---|---|---|
| अनीता | 56 | 1.71 |
| अंजलि | 64 | 1.52 |
| अंजलिका | 51 | 1.72 |
| अंजना | 52 | 1.59 |

**वजन और ऊँचाई का अनुपात किसका सबसे कम है ?**

(अ) अनीता (ब) अंजलि

(स) अंजलिका (द) अंजना **(स)**

41. **1. सोना 2. आभूषण 3. अयस्क 4. खदान 5. प्रक्रिया**

(अ) 21543 (ब) 43512

(स) 43521 (द) 34512 **(ब)**

**निर्देश**—नीचे दिये गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ दी गई हैं, जिन्हें क्रमांक (I) और (II) से दर्शाया गया है। आपको दिये हुए कथन और दी हुई पूर्वधारणाओं को ध्यान में लेकर उन दो पूर्वधारणाओं में से कौन-सी कथन में सन्निहित है, इसका निर्णय करना है ? आप अपना उत्तर दीजिए—

उत्तर (1) दीजिए, यदि केवल पूर्वधारणा (I) सन्निहित है।

उत्तर (2) दीजिए, यदि केवल पूर्वधारणा (II) सन्निहित है।

उत्तर (3) दीजिए, यदि (I) अथवा (II) सन्निहित हों।

उत्तर (4) दीजिए, यदि न (I) और न ही (II) सन्निहित हों।

उत्तर (5) दीजिए, यदि दोनों (I) एवं (II) सन्निहित हों।

42. **छह पुस्तकों को एक के ऊपर एक रखा गया है, हिन्दी, संस्कृत के ठीक ऊपर है। अंग्रेजी, गणित तथा विज्ञान के मध्य है। वकालत, हिन्दी तथा गणित के मध्य है। कौनसी पुस्तक ऊपर से चौथे स्थान पर है ?**

(अ) गणित (ब) वकालत

(स) हिन्दी (द) अंग्रेजी **(ब)**

43. **एक लड़की की तस्वीर की ओर इंगित करते हुए उमेश ने कहा, ''उसकी माँ का भाई मेरी माँ के पिता का इकलौता पुत्र है।'' बताओ कि लड़की की माँ का उमेश से क्या सम्बन्ध है?**

(अ) माँ (ब) बहन

(स) चाची (द) दादी **(अ)**

44. **कथन :** एल.जी. खरीदें-यह टी.वी. दस साल की गारंटी युक्त है।

**पूर्वधारणाएँ : I.** लोग लम्बे समय की गारंटी की ओर आकर्षित होते हैं।

**II.** लोग टी.वी. खरीदना चाहते हैं। **(अ)**

45. **निम्नलिखित समीकरण को संतुलित करने और * चिह्नों के स्थान पर प्रतिस्थापित करने के लिए गणितीय चिह्नों का सही क्रम समूह चुनिए।**

**(8 * 5 * 6) * 10 * 24**

(अ) + – = ×     (ब) × – ÷ =


(स) – + ÷ =     (द) × × ÷ =     **(द)**

46. **एक दिन नीता घर से निकलकर 10 किमी. साइकिल से दक्षिण की ओर गई, दाएँ मुड़कर 5 किमी. चली, फिर दाएँ मुड़कर 10 किमी. चली और फिर बाएँ मुड़कर 10 किमी. चली। उसे सीधे अपने घर पहुँचने के लिए कितने किमी. साइकिल चलानी पड़ेगी ?**

(अ) 10 km     (ब) 15 km

(स) 20 km     (द) 25 km     **(ब)**

47. **दिये गये चित्र में सिर्फ रेखाओं पर कम से कम दूरी से चलते हुए A से B तक कितने प्रकार से पहुँच सकते हैं ?**




(अ) 2     (ब) 4

(स) 6     (द) 5     **(स)**

48. **यदि 782 = 20 और 671 = 17, तो 884 = ?**

(अ) 23     (ब) 32

(स) 19     (द) 26     **(अ)**

49. **दिए गए विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता है—**

**Abettor**

(अ) Bettor     (ब) Wrote

(स) Rot     (द) Abet     **(ब)**

50. **लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए—**

| | | |
|---|---|---|
| **15** | **36** | **28** |
| **10** | **20** | **24** |
| **7** | **9** | **11** |
| **12** | **25** | **?** |

(अ) 15     (ब) 7

(स) 17     (द) 35     **(अ)**

## भाग – ब ( सामान्य ज्ञान – राजस्थान )

51. **सामूहिक जौहर के स्थान को क्या कहते हैं ?**

(अ) 'बायासां' का थान     (ब) पतिव्रता स्त्री का थान

(स) जीजी का थान     (द) सती जी का थान     **(अ)**

52. **मंत्रियों की हवेली किस जिले में स्थित है ?**

(अ) जैसलमेर     (ब) सीकर

(स) चूरू     (द) झुंझुनूं     **(स)**

53. **किस संगीतज्ञ को "ज्योति-मोती" के नाम से जाना जाता है?**

(अ) मेवाराम     (ब) मोतीराम ज्योतिराम

(स) जयाराम     (द) जयासिंह     **(ब)**

54. **राजस्थान में भविष्य में कौनसी क्रान्ति ज्यादा सफल प्रमाणित होगी ?**

(अ) नीली     (ब) हरित

(स) श्वेत     (द) भूरी     **(स)**

55. **राजस्थान में सिंचित भूमि पर सीलिंग की मात्रा है—**

(अ) 30 हैक्टेयर     (ब) 60 हैक्टेयर

(स) 7.28–10.93 हैक्टेयर (द) 4.25 हैक्टेयर     **(स)**

56. **गंगाबाई नामक स्वतंत्रता सेनानी ने किस प्रजामण्डल आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई ?**

(अ) नाथद्वारा     (ब) जयपुर

(स) मेवाड़     (द) मारवाड़     **(अ)**

57. **गौरीशंकर हीराचंद ओझा ( ब्रिटिश सरकार ने इन्हें महामहोपाध्याय की उपाधि दी ) ने अपनी पुस्तक प्राचीन लिपिमाला का प्रथम भाग 1894 ई. में किसे समर्पित किया ?**

(अ) कर्नल जेम्स टॉड

(ब) मुंशी देवी प्रसाद

(स) पंडित गंगा सहाय

(द) रामनाथ रतनू     **(अ)**

58. **जिलाणी माता किस क्षेत्र की देवी है—**

(अ) अलवर     (ब) जैसलमेर

(स) डूंगरपुर     (द) बाड़मेर     **(अ)**

59. **'नौ शेर खां नीति सुधा' नामक ग्रंथ फारसी पुस्तक तौकियत-ए-केसर का हिन्दी अनुवाद है, यह अनुवाद मुंशी देवीप्रसाद द्वारा कब किया गया ?**

(अ) 1879 ई.     (ब) 1885 ई.

(स) 1890 ई.     (द) 1895 ई.     **(अ)**

60. **निम्न में से कौनसी पुस्तक दीवान बहादुर हरविलास शारदा द्वारा रचित नहीं है ?**

(अ) महाराणा कुम्भा, महाराणा सांगा की जीवनी

(ब) Hindu Superiority Ajmer, Historical and Descriptive
(स) श्यामजी कृष्ण वर्मा की जीवनी
(द) शेरशाह की जीवनी (द)

**61. सूफी शेख हमीदुद्दीन नागौरी का जन्म हुआ था—**
(अ) टोंक में (ब) नागौर में
(स) खुरासान में (द) दिल्ली में (द)

**62. निम्न में से किस जिले में टाँका निर्माण का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण पाया जाता है ?**
(अ) जयगढ़ का दुर्ग (ब) तारागढ़ का दुर्ग
(स) भानगढ़ का दुर्ग (द) चौमूं का दुर्ग (अ)

**63. गाय के शरीर का सामान्य तापमान है—**
(अ) 105° F (ब) 103° F
(स) 101° F (द) 108° F (स)

**64. राजस्थान में उपलब्ध भूजल में से कितने प्रतिशत जल का दोहन हो चुका है ?**
(अ) 76.78 (ब) 50.52
(स) 12.25 (द) 72.13 (अ)

**65. निम्नलिखित कथनों में से सही चुनिये—**
**कथन- A :** दूसरी पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत सर्वप्रथम औद्योगिक विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।
**कथन- B :** राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में औद्योगिक क्षेत्र का योगदान 28 से 30 प्रतिशत रहता है।
(अ) कथन A और B दोनों सही है।
(ब) कथन A और B दोनों गलत है।
(स) कथन A सही है और कथन B गलत है।
(द) कथन B सही है और कथन A गलत है। (अ)

**66. बताइये राजस्थान में मछली निषेध काल कब होता है ?**
(अ) 16 जुलाई से 31 सितम्बर तक
(ब) 16 जून से 31 अगस्त तक
(स) 10 फरवरी से 31 मार्च तक
(द) 9 जून से 31 सितम्बर तक (ब)

**67. पश्चिमी विक्षोभों ( भूमध्यसागरीय चक्रवातों ) से होने वाली वर्षा मावठ/महावट ( शीतकालीन वर्षा ) कहलाती है। यह वर्षा रबी की फसलों के लिए लाभकारी होती है। राजस्थान में इसे किस नाम से जाना जाता है ?**
(अ) सिल्वर ड्रॉप्स
(ब) पीतल ड्रॉप्स
(स) गोल्डन ड्रॉप्स
(द) उपर्युक्त सभी (स)

**68. सुमेलित कीजिये—**

| घास | प्राप्ति स्थल |
|---|---|
| (A) सेवण | (i) मरु राष्ट्रीय पार्क |
| (B) मोथा | (ii) तालछापर अभयारण्य |
| (C) मोचिया साइप्रस रोटेन्डर्स | (iii) आबू अभयारण्य |
| (D) कारा, लेण्टाना | (iv) घना पक्षी अभयारण्य |

**कूट :**
(अ) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iv), (D)-(iii)
(ब) (A)-(i), (B)-(iv), (C)-(ii), (D)-(iii)
(स) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(i), (D)-(iv)
(द) (A)-(iv), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(i) (ब)

**69. निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये—**
(A) शुष्क सागवान के वन राजस्थान के दक्षिणी व दक्षिणी-पूर्वी जिलों में पाये जाते हैं।
(B) सागवान के वन 55 से 80 सेमी. वार्षिक वर्षा वाले क्षेत्रों में पाये जाते हैं।
(C) खैर वन राज्य के दक्षिणी-पूर्वी भाग में पाये जाते हैं।
(D) मिश्रित पतझड़ वन राज्य के अरावली पर्वतीय प्रदेश में पाये जाते हैं।
**कूट :**
(अ) (A) और (B) सही हैं।
(ब) (B) और (C) सही हैं।
(स) (C) और (D) सही हैं।
(द) (A), (C) और (D) सही हैं। (द)

**70. लाल लोयमी मिट्टी किस जिले में नहीं पाई जाती ?**
(अ) जोधपुर (ब) उदयपुर
(स) बांसवाड़ा (द) प्रतापगढ़ (अ)

**71. जोबनेर में कृषि कॉलेज की स्थापना किसने की, ज्ञातव्य है कि यह राजपूताना व मध्य भारत का प्रथम कृषि कॉलेज था—**
(अ) नरेन्द्रसिंह (ब) महेन्द्र सिंह
(स) देवेन्द्र सिंह (द) योगेन्द्र सिंह (अ)

**72. चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भीनमाल को क्या नाम दिया ?**
(अ) सोल मिलो (ब) कोल मिलो
(स) पोलो मिलो (द) आन मिलो (स)

**73. महाराणा साँगा का अन्तिम संस्कार बसवा नामक स्थान पर किया गया, यह स्थान किस जिले में है ?**
(अ) दौसा (ब) सवाईमाधोपुर
(स) डूंगरपुर (द) हनुमानगढ़ (अ)

74. "इब्राहीम पूरब दिशान उलटै, पछम मुदाफर न दै पयाण, दखणी महम्मदसाह न दौड़े, साँगो दामण ताहूँ सुरताण।"
यह दोहा किस शासक के लिए प्रचलित है ?
(अ) महाराणा सांगा (ब) महाराणा कुंभा
(स) महाराणा रायसिंह (द) महाराणा प्रताप (अ)

75. कौनसी ख्यात में सुमेल/सामेल युद्ध का वर्णन मिलता है ?
(अ) ढ़ोला-मारू री ख्यात (ब) जोधपुर की ख्यात
(स) किशनगढ़ री ख्यात (द) चौहान री ख्यात (ब)

76. सही सुमेलित युग्म है—
(अ) सहेली भाँत की ओढ़नी- घूमर लेती स्त्रियों की आकृतियों से युक्त ओढ़नी।
(ब) पूतली भाँत का ओढ़ना- पीले पल्लों पर स्त्रियों की आकृतियाँ उकेरी गई हो।
(स) मोरड़ी भाँत की ओढ़नी- नाचते मोरों की आकृतियों से युक्त ओढ़नी।
(द) उपर्युक्त सभी (द)

77. तारकशी के जेवर कहाँ के प्रसिद्ध हैं ?
(अ) जयपुर, नाथद्वारा (ब) जैसलमेर, अजमेर
(स) जोधपुर, करौली (द) नागौर, सिरोही (अ)

78. जापान की कौनसी एयर कंडीशंनिंग कंपनी है जिसने नीमराणा प्लांट में अक्टूबर 2017 में व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर दिया है ?
(अ) तोशिबा (ब) डायकिन
(स) लॉयड (द) एल जी (ब)

79. निम्नलिखित उद्योगों की स्थापना के सम्बन्ध में विचार कीजिए—
(A) राजस्थान वित्त निगम
(B) राजस्थान राज्य भण्डारण निगम
(C) राजस्थान आवासन मण्डल
(D) राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड
इनको गठन के तिथिक्रम में रखते हुए, सही उत्तर का चयन कीजिये—
(अ) (B), (A), (C), (D) (ब) (A), (B), (C), (D)
(स) (A), (C), (D), (B) (द) (A), (B), (D), (C) (ब)

80. परम्परागत ऊर्जा स्रोतों का सही युग्म है—
(अ) कोयला, खनिज तेल, सौर ऊर्जा
(ब) खनिज तेल, कोयला, पन बिजली
(स) कोयला, पेट्रोल, पवन ऊर्जा, पन बिजली
(द) खनिज तेल, प्राकृतिक गैस, अणुशक्ति (ब)

81. उच्च शिक्षा में कौशल विकास को शामिल करने वाला पहला राज्य कौनसा है ?
(अ) राजस्थान (ब) पंजाब
(स) मध्य प्रदेश (द) उत्तर प्रदेश (अ)

82. अगरबत्ती स्टिक बनाने में मुख्यतः कौनसी लकड़ी उपयोग में ली जाती है ?
(अ) बाँस (ब) सेवण घास
(स) खेजड़ी (द) बबूल (अ)

83. निम्न में से किसे 'हिंगलाज माता का अवतार' माना जाता है—
(अ) आवड़ माता (ब) कैलादेवी
(स) दुर्गा माता (द) शीतला माता (अ)

84. राजस्थानी नाटकों के जनक कहलाते हैं—
(अ) कन्हैयालाल पंवार (ब) भवानी सिंह
(स) अलीबख्श (द) रामसिंह (अ)

85. 'अलगोजा वादकों का गांव' किस जिले में है—
(अ) बाड़मेर (ब) बीकानेर
(स) नागौर (द) अजमेर (अ)

86. 'राजस्थान के मांड गीत' नामक पुस्तक की लेखिका कौन है?
(अ) अल्लाजिलाई बाई (ब) गंवरी देवी
(स) मांगी बाई आर्य (द) बन्नो बेगम (स)

87. 'भाषाभारत' नाम से महाभारत का डिंगल में पद्यानुवाद किया—
(अ) खेतसी सांदू ने (ब) अभयसिंह ने
(स) कल्याण सिंह ने (द) बन्नेसिंह ने (अ)

88. इन पंक्तियों के रचयिता हैं—
माई ऐड़ा पूत जण, जेड़ा राणा प्रताप।
अकसर सूतौ ओझके, जाण सिराणे सांप।।
(अ) दुरसा आढ़ा (ब) बाबा नरसिंह दास
(स) नवीनतम दास वैष्णव (द) बांकीदास (अ)

89. किस समाचार पत्र ने विधवाओं के पुनर्विवाह के लिए निःशुल्क विज्ञापन प्रकाशित किए ?
(अ) राजस्थान (ब) नवज्योति
(स) नव राजस्थान (द) अभ्युदय (स)

90. मानगढ़ में सम्प सभा का द्वितीय अधिवेशन गोविन्द गिरी की अध्यक्षता में कब आयोजित हुआ ?
(अ) 17 नवम्बर, 1913 (ब) 17 नवम्बर, 1908
(स) 17 नवम्बर, 1911 (द) 17 नवम्बर, 1910 (अ)

91. जयपुर के उस कछवाहा वंशीय शासक का नाम बताइये जिसने अपनी प्रेमिका रसकपुर के नाम जयपुर रियासत का आधा राज्य करने के साथ ही टकसाल से उसके नाम पर सिक्के जारी किये—
(अ) जगत सिंह (ब) माधोसिंह
(स) ईश्वरी सिंह (द) सवाई जयसिंह तृतीय (अ)

(स) इसका पाठ्यक्रम निश्चित नहीं होता है।
(द) ज्ञान प्राप्ति इसका ध्येय नहीं होता है। **(ब)**

**111. किसी व्यक्ति को अध्यापक के रूप में सफलता मिलने की सम्भावनाएँ अधिक होगी, यदि वह व्यक्ति—**
(अ) अध्यापकों के परिवार से सम्बन्ध रखता है।
(ब) अध्यापन में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुका है।
(स) नैतिक मूल्य और अच्छा चरित्र रखता है।
(द) अपनी अध्यापन सामग्री को उचित रूप से व्यवस्थित कर सकता है और उसे प्रभावशाली ढंग से विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। **(द)**

**112. प्रभावकारी अध्यापन निम्न में से किसका एक फलन है—**
(अ) स्पष्ट एवं यथातथ्य सम्प्रेषण
(ब) कक्षा में पूर्ण अनुशासन
(स) नियमित अध्यापन
(द) विद्यार्थियों द्वारा स्व-अध्ययन **(अ)**

**113. आप किस स्तर की योग्यता के विद्यार्थियों को पढ़ाना पसंद करेंगे—**
(अ) औसत योग्यता से अधिक
(ब) औसत योग्यता के
(स) औसत योग्यता से कम
(द) मिश्रित योग्यता के **(द)**

**114. अच्छा अध्यापन किसका परिणाम है—**
(अ) अध्यापन ट्रेनिंग
(ब) अनुभव
(स) विषय वस्तु पर अधिकार और अच्छा संप्रेषण
(द) बच्चों से मित्रतापूर्वक व्यवहार **(स)**

**115. किस राज्य में सबसे अधिक पत्रिकाएँ जनता को सूचना के लिए निकाली जाती हैं—**
(अ) उत्तरप्रदेश (ब) तमिलनाडु
(स) केरल (द) पंजाब **(ब)**

**116. यदि मेरे विद्यालय के अधिकांश साथी अपनी कक्षाएँ नियमित रूप से नहीं लेते, तो मैं—**
(अ) भी कक्षाएँ नियमित रूप से नहीं लूँगा
(ब) प्रधानाध्यापक से उनकी शिकायत करूँगा
(स) अपनी कक्षाएँ नियमित रूप से लेता रहूँगा
(द) अपनी कक्षाएँ नियमित रूप से लेता रहूँगा और अपने कुछ मित्र अध्यापकों को नियमित रूप से कक्षाएँ लेने हेतु मनाऊँगा **(द)**

**117. लक्ष्य-प्रधान सम्प्रेषण ही सार्थक होता है। क्या आप इस कथन से—**
(अ) पूर्णत: सहमत हैं
(ब) आंशिक सहमत हैं
(स) आंशिक असहमत है
(द) इनमें से कोई नहीं **(अ)**

**118. यदि अध्यापक छात्र के प्रश्न का उत्तर देने में असमर्थ हो, तो उसे चाहिए कि, वह—**
(अ) कहे कि वह जानकारी प्राप्त करने के बाद उत्तर देगा।
(ब) छात्रों को गृहकार्य में दे देगा।
(स) कक्षा में ही उत्तर देने का प्रयास करेगा।
(द) कहे कि प्रश्न ही गलत है। **(अ)**

**119. शिक्षण की उत्तम प्रणाली वह है, जिसमें—**
(अ) प्रश्नोत्तर की आवश्यकता न पड़े।
(ब) अध्यापक छात्रों से प्रश्न पूछे।
(स) छात्र अध्यापक से शंका समाधान करे।
(द) अध्यापक और छात्र दोनों प्रश्न पूछे। **(द)**

**120. आपको एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनाया, आप—**
(अ) देर से पहुँचकर माफी मांगेंगे।
(ब) समय पर पहुँचेंगे।
(स) देर से पहुँचकर गर्व महसूस करेंगे।
(द) समय से पहले पहुँचेंगे। **(ब)**

**121. कक्षा में शिक्षण हेतु प्रवेश करने से पूर्व में—**
(अ) चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से कुछ देर बाद बुलाने के लिए कहूँगा
(ब) दर्पण में अपना चेहरा निहारूँगा
(स) आज के पाठ की शिक्षण सहायक सामग्री साथ लेकर जाऊँगा
(द) अपनी पाठ योजना व्यवस्थित करूँगा **(द)**

**122. आपकी राय में शिक्षकों को समय पर विद्यालय आना चाहिए—**
(अ) समय पर आना जरूरी नहीं है।
(ब) समय पर आने पर छात्र भी समय पर आयेंगे।
(स) यह उनका कर्त्तव्य है।
(द) यह सभी का अपना-अपना दृष्टिकोण है। **(ब)**

**123. आज की सम्पूर्ण शिक्षा प्रणाली सैद्धान्तिक तथा उद्देश्यहीन हो गई है। इस कथन से आप—**
(अ) सहमत है। (ब) आंशिक रूप से सहमत
(स) असहमत है। (द) संभवत: **(स)**

**124. आजकल विद्यार्थी कोचिंग सेंटर जाते हैं। यह अच्छा नहीं है, क्योंकि—**
(अ) ये विद्यार्थियों को स्व-अध्ययन से हतोत्साहित करते हैं।
(ब) ये बहुत महँगे हैं।
(स) ये अध्यापकों को विद्यालयों में पढ़ाने से हतोत्साहित करते हैं।
(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं **(स)**

**125. निम्न में से किस कथन से आप सहमत हैं—**

(अ) अध्यापक को अध्यापक ही रहना चाहिए, अन्यथा सफलता नहीं मिलेगी।

(ब) अध्यापक जीवनपर्यन्त विद्यार्थी बने रहते हैं।

(स) अध्यापक जीवनपर्यन्त विद्यार्थी नहीं बन सकते।

(द) यदि अध्यापक जीवनपर्यन्त विद्यार्थी बनेगा तो सफलता अवश्य मिलेगी। **(द)**

**126. निम्न में से विद्यालय का कार्य नहीं है—**

(अ) शिक्षा का दायित्व निभाना

(ब) स्थायी भाव का निर्माण करना

(स) समाज की निरंतरता को बनाये रखना

(द) सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करना **(ब)**

**127. बालक के विकास में सर्वाधिक योगदान होता है—**

(अ) धनवान माता-पिता का

(ब) पाठ्य-पुस्तकों का

(स) अच्छे विद्यालय का

(द) योग्य एवं समर्पित शिक्षकों का **(द)**

**128. किस अवस्था में बालक में सूक्ष्म चिंतन का विकास हो जाता है ?**

(अ) शिशु अवस्था (ब) किशोर अवस्था

(स) बाल्य अवस्था (द) इनमें से कोई नहीं **(स)**

**129. छात्रों की कक्षा में निन्दा नहीं करनी चाहिये क्योंकि—**

(अ) इससे कोई लाभ नहीं है।

(ब) इससे शिक्षण कार्य में व्यवधान पड़ता है।

(स) इससे छात्र का मनोबल गिर जाता है।

(द) इससे छात्रों में अनुशासन नहीं रहता है। **(स)**

**130. 6 से 11 वर्ष के आयु वर्ग वाले बच्चों में जल्दी याद करने, योजना और प्रबंध करने की प्रवृत्ति होती है, जिसे कहा जाता है—**

(अ) उद्योग (ब) व्यापार

(स) स्वायत्तता (द) उत्पादकता **(स)**

**131. लिखित परीक्षा के अन्तर्गत मूल्यांकन पद्धति की सर्वाधिक प्रमुख विशेषता यह होती है कि—**

(अ) सभी प्रश्न आकस्मिक ढंग से निर्मित होते हैं।।

(ब) यह पाठ्यक्रम से परे भी हो सकता है।

(स) इसमें सम्पूर्ण पाठ्यक्रम पूर्व सूचित करके निर्धारित समय पर प्रश्न-पत्र के रूप में प्राप्त होता है।

(द) यह वार्षिक अधिगम स्तर का वार्षिक मूल्यांकन लेखा-जोखा होता है। **(स)**

**132. गृह कार्य छात्रों को स्वाध्याय प्रेमी तो बनाता है। इसके साथ-साथ छात्रों में—**

(अ) तर्कशक्ति एवं विचार शक्ति उत्पन्न करता है।

(ब) थकान उत्पन्न करता है।

(स) मनोरंजन की भावना को कम कर देता है।

(द) घूमने की प्रवृत्ति को कम करने में सहायक है। **(अ)**

**133. शिक्षा का कार्य है—**

(अ) जन्मजात रुचियों को बदलना

(ब) अर्जित रुचियों को स्वाभाविक बनाना

(स) जन्मजात व अर्जित रुचियों को अलग-अलग करना

(द) इनमें से कोई नहीं **(ब)**

**134. अधिगम का प्रमुख उद्देश्य होता है—**

(अ) आनन्द प्राप्त करना

(ब) समय व्यतीत करना

(स) भविष्य में किसी कार्य में सहायक होना

(द) इनमें से कोई नहीं **(स)**

**135. प्रतिभावान बालक की विशेषता होती है—**

(अ) अध्ययन की योग्यता

(ब) निर्देशन की कम आवश्यकता

(स) उच्च बुद्धि लब्धि एवं नेतृत्व की क्षमता

(द) उपर्युक्त सभी **(द)**

**136. यदि कोई छात्र आपको अपने घर पर आमन्त्रित करता है तो आप—**

(अ) उसे साफ मना कर देंगे।

(ब) किसी विशेष अवसर होने पर जायेंगे।

(स) अवश्य जायेंगे क्योंकि छात्र आपसे ट्यूशन लेता है।

(द) माता-पिता के बुलाने पर जायेंगे। **(ब)**

**137. ''शैक्षिक मापन विद्यार्थी अधिगम, शिक्षण प्रभावशीलता या किसी अन्य शैक्षिक पक्ष की मात्रा, विस्तार और कोटि के निर्धारण से सम्बन्धित है।'' यह कथन किसका है ?**

(अ) टारगेरसन एवं एडम्स (ब) क्लासमेयर एवं गुडविन

(स) वाण्ट एवं ब्राउन (द) कारलिंगर **(ब)**

**138. भारतीय शिक्षा में गुणवत्ता लाने का सर्वोत्तम साधन है—**

(अ) समाज के सभी वर्गों को शिक्षा देना।

(ब) स्त्रियों को शिक्षित बनाने में पहल करना।

(स) प्रजातंत्रीय मूल्यों पर आधारित विद्यालयों को विकसित करना।

(द) राष्ट्रीय सलाहकार समिति की सिफारिशों को अपनाना। **(अ)**

**139. निम्नलिखित में से कौन अन्य से भिन्न है ?**

(अ) स्मृति (ब) बुद्धि

(स) कल्पना (द) क्रोध **(द)**

**140. शिक्षा में विद्यार्थियों की सफलता मुख्य रूप से निर्भर है ?**

(अ) गुणवत्तापूर्ण शिक्षण समय पर

(ब) सुविधाएँ उपलब्ध कराने में किए गए धन व्यय पर

(स) बेहतर गृह सुविधाओं पर

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं **(अ)**

141. श्यामपट्ट लेखन में आवश्यक है—
(अ) स्पष्ट और सुंदर लिखावट (ब) बड़ी लिखावट
(स) अध्यापक पर निर्भर है (द) इनमें से कोई नहीं (अ)

142. अभिभावक व अध्यापक सम्बन्ध होने चाहिए—
(अ) सौहार्दपूर्ण (ब) संवेदनशील
(स) निष्पक्ष (द) उदार (अ)

143. निम्नलिखित में से कौनसा मूल्य बुनियादी शिक्षा द्वारा विकसित किया जाता है ?
(अ) प्रतिस्पर्द्धा (ब) सम्पन्नता
(स) श्रम के प्रति सम्मान (द) राष्ट्रवाद (स)

144. विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ-साथ खेल भावना को विकसित करने के लिए आपको—
(अ) खेल से सर्वांगीण विकास होता है, बतलाना चाहिए
(ब) उन्हें खेल के माध्यम से पढ़ाना चाहिए
(स) विद्यार्थियों के साथ खेलना भी चाहिए
(द) खेल के पाठ को अवश्य पढ़ाना चाहिए (स)

145. सृजनात्मक परीक्षणों में किन भारतीयों का परीक्षण प्रसिद्ध है?
(अ) जलोटा और भाटिया
(ब) बाकर मेहन्दी और पासी
(स) मुरे और मॉर्गन
(द) वर्मा और श्रीवास्तव (ब)

146. आपके घर के पास ही बिजली का एक कार्यालय शिकायत दर्ज कराने के लिए है। यदि आपके घर की बिजली चली जाए तो आप—
(अ) स्वयं शिकायत लिखकर आएँगे तथा बिजली ठीक कराने का भरसक प्रयास करेंगे
(ब) प्रतीक्षा करेंगे कि कोई व्यक्ति शिकायत लिखाकर आ जाए
(स) घूम फिरकर देखेंगे कि बिजली क्यों नहीं आ रही है
(द) बिजली आने की प्रतीक्षा करेंगे (अ)

147. निम्नलिखित में से कौनसी शिक्षकों सम्बन्धी ऐसी वैध कसौटी है, जिसके आधार पर इस तथ्य की पुष्टि होती है कि शिक्षण को एक उच्च व्यवसाय कहा जा सकता है ?
(अ) शिक्षक उच्च व्यवसाय सम्बन्धी मूल्य बोध का सम्मान करते हैं।
(ब) शिक्षक हमारे सांस्कृतिक मूल्यों का प्रतिबिम्ब है।
(स) शिक्षकों को अपनी विषय-वस्तु का उच्च एवं सूक्ष्म ज्ञान होता है।
(द) शिक्षक बालकों को अत्यधिक स्नेह करते हैं। (अ)

148. शिक्षा मनोविज्ञान का अध्ययन शिक्षक को इसलिए करना चाहिए ताकि—
(अ) छात्राओं को आसानी से प्रभावित कर सके।
(ब) स्वयं को समझ सके।
(स) पशुओं पर प्रयोग कर सके।
(द) शिक्षण को अधिक प्रभावी बना सके। (द)

149. वह विधि जिसमें शिक्षार्थी दायित्त्व को सर्वाधिक महत्त्व दिया जाता है, कही जाती है—
(अ) अनुसंधान विधि (ब) समस्या समाधान विधि
(स) कार्य गोष्ठी विधि (द) स्रोत सन्दर्भ विधि (अ)

150. प्रभावकारी शिक्षण फलन है—
(अ) कक्षा में अविलम्ब नियमित रूप से आना
(ब) नियमित अध्ययन का
(स) उचित कक्षानुशासन का
(द) स्पष्ट एवं यथातथ्य सम्प्रेषण का (द)

## भाग - द

## (Language Proficiency–ENGLISH)

**Directions : Read the following passage and answer the following questions :**

Vacationing on a motorcycle, you see things in a way that is completely different from any other. In a car you are always in a compartment, and because you are used to it you do not realise that through that car window everything you see is just more T.V. You are a passive observer and it is all moving by you boringly in a frame. On a motorcycle, however, the frame is gone. You are completely in contact with it all. You are in the scene, not just watching it anymore, and the sense of presence is overwhelming.

151. The writer likes travelling on the motorcycle. What is the most likely reason for this ?
(अ) The motorcycle has no windows.
(ब) The motorcycle does not go as fast as a car.
(स) As the traveller is used to cars, travelling by motorcycle is a change.
(द) Travelling by motorcycle, the writer feels that he is part of the scenery. (द)

152. Which of the following statements is closest to the truth ?
(अ) The writer does not like TV as it gives a narrow view of things.
(ब) The writer likes TV but he does not like watching it from car windows.
(स) The writer does not like TV because the picture is in a frame.
(द) The writer does not like TV because the programmes are boring. (स)

153. **"In a car you are always in a compartment, and because you are used to it, you do not realise that .......". In this sentence, 'it' refers to**
(अ) travelling in a car.
(ब) always being in a compartment, e.g. one's room, office.
(स) seeing the scenery through the window frame.
(द) seeing so much TV at home. (अ)

154. **In the last sentence, the writer talks of a 'sense of presence'. He is referring to the presence of**
(अ) his own self as part of the scene.
(ब) the time that is now passing.
(स) the scene and the beauty.
(द) senses with which one feels. (अ)

155. **The word 'overwhelming' means**
(अ) very strong (ब) unavoidable
(स) interesting (द) humourous (अ)

**Choose the correct synonym :**

156. **FRONTIER**
(अ) Ahead (ब) Dearest
(स) Boundary (द) Behind (स)

157. **Do not give him a responsible job, he is immature.**
(अ) thoughtful (ब) cautions
(स) calculating (द) seasoned (द)

158. **Subsequent**
(अ) Dismissive (ब) Inferior
(स) Preceding (द) Aloof (स)

159. **Fill in the blank with appropriate conjunction : When she was at school, she ............. up early.**
(अ) Was getting (ब) used to get
(स) had got (द) would (ब)

**Directions :** Each question in this section has a sentence with three parts labelled (1), (2) and (3). Read each sentence to find out, whether there is any error in any part and indicate your response against the corresponding number i.e., (1) or (2) or (3). If you find no error, your response should be indicated as (4).

160. The memoranda (अ)/ are(ब)/ on the table . (स)/ No error (द) (द)

**Directions :** Out of the four alternatives, choose the one which can be substituted for the given words/ sentences.

161. **The science of the functioning and growth of society.**
(अ) Psychology (ब) Philosophy
(स) Antropology (द) Sociology (द)

162. **Choose the correct prefix missing from the word in brackets in the following sentence. If you believe in hard work nothing is (Possible).**
(अ) im (ब) dis
(स) un (द) re (अ)

**Directions : Change the voice :**

163. **Somebody has eaten all the biscuits.**
(अ) All the biscuits were eaten.
(ब) All the biscuits have been eaten.
(स) All the biscuits are eaten.
(द) All the biscuits somebody ate. (ब)

164. **The teacher said, "Have you submitted your form" (Change to Indirect Narration)**
(अ) The teacher said to me if I have submit my form
(ब) The teacher asking if/whether I had submitted my form.
(स) The teacher asked me if/whether I had submitted my form.
(द) The teacher asked me if/whether I submitting form (स)

**Directions :** Four words in each question are given, out of which only one word in correctly spelt. Find the correct spelt word.

165. (अ) Ansestral (ब) Encestral
(स) Ansastral (द) Ancestral (द)

166. (अ) Symetry (ब) Cemetary
(स) Cemetery (द) Cemetry (स)

167. **Many of us believe that science is something modern ............... the truth is otherwise.**
(अ) unless (ब) though
(स) if (द) as if (ब)

**Choose the correct antonym of the words from the options given below :**

168. **ADVERSITY**
(अ) Prosperity (ब) Generosity
(स) Eternity (द) Tenacity (अ)

169. Give one word substitution for the following :
One hundred years

(अ) Decade (ब) Century
(स) Score (द) Annual (ब)

170. My neighbour is ................ honest person.

(अ) a (ब) an
(स) the (द) any (ब)

## भाग - द : भाषा योग्यता : हिन्दी

171. इनमें कौनसा शब्द तद्भव है ?

(अ) मधुप (ब) भ्रमर
(स) मधुकर (द) भंवरा (द)

172. निम्न में से देशज शब्द नहीं है ?

(अ) खिड़की (ब) बूट
(स) पाग (द) रींगड़ा (ब)

173. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द शुद्ध है ?

(अ) अभिषेक (ब) अभिसेक
(स) अभिशेक (द) अभीषेक (अ)

174. कौन अशुद्ध वर्तनी का कारण नहीं है ?

(अ) जलवायु (ब) लेखन की असावधानी
(स) अशुद्ध उच्चारण (द) व्याकरण का कम ज्ञान (अ)

175. किस समूह के सभी शब्द यौगिक हैं ?

(अ) घोड़ा, किताब, अजायबघर, मस्जिद
(ब) रसोईघर, अनपढ़, पुस्तकालय, राजमहल
(स) चाय, जूता, पहलवान, दर्शक
(द) मोबाइल, चम्मच, साड़ी हवा (ब)

176. ईद का चाँद होना मुहावरे का अर्थ है—

(अ) बहुत दिनों बाद दिखाई देना
(ब) बहुत ज्यादा विश्वास करना
(स) दूर-दूर तक दिखाई देना
(द) सागर के उस पार (अ)

177. 'चना' का तत्सम रूप है—

(अ) चणक (ब) चणा
(स) चाणक (द) चणाक (अ)

178. 'आगरा' का बहुवचन होगा—

(अ) आगरे
(ब) आगरों
(स) आगरें
(द) बहुवचन नहीं होगा (द)

179. इनमें से किस शब्द में स्वर ( मात्रा ) सम्बन्धी अशुद्धि है ?

(अ) सरोजिनी (ब) गृहिणी
(स) अहल्या (द) प्रदर्शिनी (द)

180. कौनसा क्रमांक उचित नहीं है—

(अ) बलि - बलिदान, बली - शक्तिशाली
(ब) सुर - देवता, शूर - वीर
(स) वसन - बर्तन, व्यसन - मद्यपान
(द) शोक - दु:ख, शौक - चाव (स)

181. गर्मी में वायु तेज गति से चलती है। रेखांकित शब्दों के पर्याय ( समानार्थक शब्द ) का चुनाव कीजिए—

(अ) पवन (ब) अनल
(स) पावक (द) चक्रवात (अ)

182. 'पूत सपूत क्यूं धन संचै, पूत कपूत क्यूं धन संचै' से तात्पर्य है—

(अ) सपूत के लिये धन संचय करना निरर्थक है पर कपूत के भरण-पोषण के लिये धन संचय करना आवश्यक है।
(ब) पुत्र सपूत हो या कपूत उनके लिये धन संचय करना निरर्थक है।
(स) सपूत के लिये धन संचय करना चाहिये क्योंकि वह उसका दुरुपयोग नहीं करेगा।
(द) पूत कपूत हो या सपूत, दोनों के लिये क्यूं नहीं धन संचय करना चाहिये। (ब)

183. सर्वनाम से बनी भावभावक संज्ञा है—

(अ) बड़प्पन (ब) परायापन
(स) अपनापन (द) छुटपन (स)

184. 'पेड़ से कई आम गिरे' वाक्य में कौनसा कारक है—

(अ) संबोधन (ब) सम्बन्ध
(स) अपादान (द) कर्त्ता (स)

185. अपादान कारक - युक्त वाक्यांश है—

(अ) मेघों से आच्छादित (ब) पद से च्युत
(स) कष्ट से साध्य (द) भस्म से आवृत्त (ब)

186. 'जिसका शत्रु पैदा न हुआ हो' वाक्य के लिए एक शब्द है—

(अ) शत्रुहीन (ब) अशत्रु
(स) निशत्रु (द) अजातशुत्र (द)

187. "अरे, मुझे तो ऐसी उम्मीद नहीं थी।" अर्थ की दृष्टि से वाक्य है—

(अ) संदेह वाचक (ब) संकेत वाचक
(स) विस्मय वाचक (द) प्रश्न वाचक (स)

188. किस क्रमांक में सही वाक्य है ?

(अ) उसका प्राण-पखेरू उड़ गया।
(ब) वह शायद कल गाड़ी से आए।
(स) उन्हें उनचालिस पुस्तकें चाहिए।
(द) आपका अंगुलियाँ मुझसे बड़ी है। (ब)

189. जब क्रिया का प्रधान विषय कर्ता होता है, तो कौन-सा वाच्य होता है ? नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प को चुनिए—
(अ) कर्तृवाच्य (ब) भाववाच्य
(स) कोई नहीं (द) कर्मवाच्य (अ)

190. पर्वत के ऊपर की नुकीली भूमि को इनमें से क्या कहते हैं ?
(अ) उपत्यका (ब) अधित्यका
(स) शिखर (द) शिखिध्वज (स)

191. 'आना-कानी करना' मुहावरे का सही अर्थ है—
(अ) कानाफूसी करना।
(ब) रहस्यमयी बात करना।
(स) बुराई करना।
(द) टाल-मटोल करना। (द)

192. अभिराम-अविराम युग्म का अर्थ है—
(अ) एकत्र - बिना रुके
(ब) बिना रुके - एकत्र
(स) सुन्दर - लगातार
(द) लगातार - सुन्दर (स)

193. निम्नलिखित शब्द-युग्मों में से सही अर्थ किसमें है—
(अ) ऋतु (गलत) - ऋतु (मौसम)
(ब) अलि (भौंरा) - अली (सखी)
(स) कदम (एक वृक्ष) - कदंब (एक डग)
(द) तरणी (सूर्य) - तरूणी (युवती) (ब)

194. 'घर की मुर्गी दाल बराबर' कहावत का अर्थ है—
(अ) घर की मुर्गी को बराबर दाल खिलाना
(ब) अपने आदमी को कम महत्त्व देना
(स) घर की मुर्गी को दाल के बराबर मूल्यवान समझना
(द) मुर्गी और दाल खाना (ब)

195. 'संध्या और रात्रि के बीच का समय' वाक्यांश के लिए सर्वाधिक उपयुक्त एक शब्द है—
(अ) गोधूलि (ब) शाम
(स) रात (द) छाया (अ)

196. "एक पानी का गिलास दीजिए।" वाक्य का शुद्ध रूप होगा—
(अ) पानी का एक गिलास दीजिए।
(ब) पानी का गिलास दीजिए।
(स) पानी का गिलास दो।
(द) एक पानी का गिलास दो। (अ)

197. इन शब्दों में अव्यय शब्द है—
(अ) चल (ब) दुधारू
(स) पंजाबी (द) परंतु (द)

198. इनमें से कौनसा शब्द सदैव बहुवचन में ही प्रयुक्त होता है ?
(अ) खिड़की (ब) दर्शन
(स) सड़क (द) नारा (ब)

199. सही स्थानापन्न शब्द नहीं है—
(अ) जो आज तक से सम्बन्धित है - आधुनिक
(ब) जड़ से नष्ट करने की क्रिया - उन्मूलन
(स) हास्य-व्यंग्य से पूर्ण नाटक रूप - प्रहसन
(द) आकाश से असंख्य तारों का पुंज - निहारिका (अ)

200. किस क्रमांक के वाक्य में निजवाचक सर्वनाम है ?
(अ) उसका पता लगाओ
(ब) जिसकी लाठी उसकी भैंस
(स) सब काम मैं अपने आप करूँगा
(द) आप पुस्तकें पढ़ें (स)

## भाग - द ( भाषा योग्यता - संस्कृत )

171. 'तत्' शब्द की स्त्रीलिंग में षष्ठी बहुवचन का रूप है—
(अ) तासाम् (ब) तस्याम्
(स) तेषाम् (द) ताषाम् (अ)

172. 'स्त्री' शब्द की षष्ठी द्विवचन का रूप बताइए—
(अ) स्त्रीषु (ब) स्त्रयोः
(स) स्त्रीः (द) स्त्रीन् (ब)

173. 'युष्मत्' शब्द की षष्ठी एकवचन में रूप है—
(अ) युष्मत् (ब) युष्मस्य
(स) तव (द) त्वत् (स)

174. 'इदम्' शब्द की स्त्रीलिंग में षष्ठी बहुवचन का रूप कौनसा है—
(अ) यया (ब) आसां
(स) ययत् (द) याभ्याम् (ब)

175. 'किम्' शब्द स्त्रीलिंग चतुर्थी एकवचन का रूप है—
(अ) कस्यै (ब) कस्याम्
(स) किमाय (द) कस्मै (अ)

176. 'इदम्' पुल्लिङ्ग तृतीया द्विवचन का रूप बताइए—
(अ) अयाभ्याम् (ब) इदाभ्याम्
(स) आभ्याम् (द) आवाभ्याम् (स)

177. 'कति' शब्द की प्रथमा बहुवचन में कौनसा रूप है—
(अ) कति (ब) कतयः
(स) कत्यः (द) कते (अ)

178. 'त्रि' शब्द का स्त्रीलिंग में द्वितीया बहुवचन में रूप बताइए—
(अ) तिस्त्रः (ब) त्रीन्
(स) तिसृन् (द) तिसृः (अ)

179. 'भवत्' शब्द की द्वितीया बहुवचन में कौनसा रूप है—
(अ) भवन्तौ (ब) भवतः
(स) भवते (द) भवत्सु (ब)

180. 'कर्मन्' शब्द की पंचमी एकवचन का रूप बताइए—
(अ) कर्मस्याः (ब) कर्मात्
(स) कर्मणः (द) कर्माणः (स)

181. 'मातृ' सप्तमी का एकवचन का रूप बताइए—
(अ) मातृषु (ब) मात्रा
(स) मातु (द) मातरि (द)

182. 'वाच्' शब्द की चतुर्थी बहुवचन का रूप है?
(अ) वाग्भिः (ब) वाग्भ्यः
(स) वाचः (द) वाक्षु (ब)

183. 'जगत्' तृतीया का बहुवचन का रूप है—
(अ) जगता (ब) जगद्भिः
(स) जगति (द) जगतो (ब)

184. 'वाच्' शब्द की सप्तमी बहुवचन का रूप बताइए—
(अ) वाचासु (ब) वाच्सु
(स) वाक्षु (द) वाग्सु (स)

185. 'दधि' शब्द की सप्तमी विभक्ति के रूप हैं—
(अ) दध्नि, दधनि-दध्नोः-दधिषु
(ब) दध्नि-दध्योः-दधिसु
(स) दध्नि-दध्योः-दधीषु
(द) दध्नि-दध्योः-दधीसु (अ)

186. 'अदस्' शब्द नपुंसक लिंग प्रथम विभक्ति का रूप है—
(अ) असौ-अमू-अमूनि (ब) असौ-अमू-अमूः
(स) असौ-अमू-अमी (द) अदः-अमू-अमूनि (द)

187. अति निकटवर्ती वस्तु के निर्देशन के लिए किस शब्द का प्रयोग किया जाता है ?
(अ) तद् (ब) अदस्
(स) एतद् (द) इदम् (स)

188. 'मति' शब्द की तृतीया एकवचन का रूप है—
(अ) मत्या (ब) मतिना
(स) मतेन (द) मता (अ)

189. 'वाक्' शब्द की तृतीया एकवचन का रूप है—
(अ) वाचे (ब) वागेन
(स) वाचा (द) वाचि (स)

190. 'पथित्' शब्द का लिंग बताइए—
(अ) नपुंसकलिङ्गम् (ब) स्त्रीलिङ्गम्
(स) पुलिङ्गम् (द) स्त्रीनपुंसके (स)

191. बुद्धि शब्द सप्तमी विभक्ति के रूप हैं—
(अ) बुद्धौ-बद्धयोः, बुद्धिषु
(ब) बुद्धया, बूदिभ्याम, बुद्धिभिः
(स) बुद्धी, बुद्धिः बुद्धयः
(द) बुद्धया, बुद्धिभ्याम, बुद्धिनिः (अ)

192. 'वारिणी' में कौनसी विभक्ति है?
(अ) प्रथमा (ब) चतुर्थी
(स) द्वितीया (द) प्रथमाद्वितीया (द)

193. शुद्ध रूप है—
(अ) श्रृंगारः (ब) श्रंगारः
(स) शिंगारः (द) शृङ्गारः (द)

194. 'कवे, नगरे, ग्रामे, वने' में कौनसा सप्तमी विभक्ति का रूप नहीं है—
(अ) कवे (ब) नगरे
(स) ग्रामे (द) वने (अ)

195. भू शब्द ऊकरांत सप्तमी एकवचन का रूप है—
(अ) भूवि-भूमौ (ब) भूमौ-भळयाम्
(स) भुवाम्-भुवि (द) भूम्वां-भुवाम् (स)

196. 'चन्द्रमस्' शब्द की द्वितीया, तृतीया तथा चतुर्थी विभक्ति द्विवचन में रूप है—
(अ) चन्द्रमोभ्यां, चन्द्रमोभ्यां, चन्द्रमोभ्यां
(ब) चन्द्रमाभ्यां, चन्द्रोभ्यां, चन्द्रभ्यां
(स) चन्द्रमाभ्यां, चन्द्रमाभयां, चन्द्रमाध्यां
(द) चन्द्राभ्यां, चन्द्राभ्यां, चन्द्राभ्यां (अ)

197. अशुद्ध है—
(अ) व्यावहारिकम् (ब) प्रामाणिकम्
(स) अत्याधिकम् (द) आध्यात्मिकम् (स)

198. कियत् पुल्लिङ्ग द्विवचन का रूप है—
(अ) कियतं (ब) कियत्
(स) कियन्तं (द) कियतः (स)

199. निम्न में से कौनसा द्वितीया विभक्ति का बहुवचन का रूप हैं?
(अ) फलम् (ब) हरीणाम्
(स) कविना (द) रामान् (द)


200. निम्नलिखित में से कौनसा रूप पंचमी एक वचन का है?
(अ) गोः (ब) राजोः
(स) नदीभ्यः (द) रामाणाम् (अ)

❋❋❋

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in


BSTC 2023
FULL COURSE
MODEL PAPER - TEST SERIES
इस बार 450+ पार


राजस्थान सामान्य ज्ञान
हस्तलिखित नोट्स
निशुल्क डाउनलोड


राजस्थान सामान्य ज्ञान
All Test Quiz
For AIL Exam's